# शहर के विद्यार्थियों ने पाई शानदार सफलता

## सीबीएसई समन्वयक अदिति मिश्रा ने बताया, जिले के 300 स्कूलों के 13500 विद्यार्थियों ने कराया था रजिस्ट्रेशन

**सीबीएसई परिणाम**

जागरण संवाददाता, गुरुग्रामः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बारहवीं कक्षा के परिणाम जारी किए। जिले के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए। उनकी सफलता के लिए स्कूल संचालकों ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। जिले की सीबीएसई समन्वयक अदिति मिश्रा ने बताया कि जिले के 300 स्कूलों से 13500 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था।

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46 के छात्र हृदय माधव ने कला संकाय में 99.4% अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। छात्र अचिंत्य गुप्ता ने 99% अंक प्राप्त किए और स्कूल में विज्ञान संकाय के टापर बने।

कृति पंवार, सुयश बंसल और अर्नव राज सिंह ने 99% अंक प्राप्त करके वाणिज्य संकाय में संयुक्त रूप से स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल की चेयरपर्सन डा. अमिता चौहान और प्राचार्य आरती चोपड़ा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सरहाना की और अध्यापकों को बधाई दी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 45 के विद्यार्थी अक्षित गोयल और आकांक्षा सरकार ने 98.4% अंक प्राप्त करके विज्ञान संकाय में स्कूल में पहला स्थान सुनिश्चित किया। वाणिज्य संकाय में मल्लिका दत्ता और कला संकाय में श्रृष्टि रे ने 98.6% अंक प्राप्त करके पहला स्थान पाया।



अर्नव राज सिंह, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46

करणवीर, मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46

सुयश, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46

अक्षित गुप्ता, मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46

सलोनी गुप्ता, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 43

अनुरिथि सक्सेना, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सेक्टर नौ

सिमरन, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सेक्टर नौ

अनुपम गर्ग, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 43



अक्षित गोयल, डीपीएस, से-45

आकांक्षासरकार डीपीएस, से-45

मल्लिका दत्ता, डीपीएस, से-45

अंजली, सीडी इंटरनेशनल

अंश खुराना, विवेकानंद ग्लोबल

श्रुति शर्मा, एसएससी

दीपक, सीडी इंटरनेशनल

दीप्ति, विवेकानंद ग्लोबल स्कूल

खुशी पंवार, एसएससी

एसएन सिद्धेश्वर स्कूल सेक्टर नौ ए के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए। सुमित मौर्या ने 98.2% अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला, वंश सरदाना ने 97.4% अंक प्राप्त करके स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्राचार्य संगीता सब्बरवाल ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सीडी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अंजलि साकिया ने 95.8% अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपक चौपाल ने 94.8%, रूहल ने 92.0%, दृष्टि ग्रोवर ने 91.8%, अंकिता तिवारी ने 91.6%, ललित कुमार ने 89.8% अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के निदेशक यशपाल यादव व चेयरमैन रेखा यादव ने सभी बच्चों को मुबारकबाद दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 46 के विद्यार्थी अक्षित गुप्ता, रणवीर कलसी और तुषार जोशी ने ने विज्ञान संकाय में 96.4% अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला स्थान पाया। वाणिज्य संकाय की मिशा कालरा ने 97.4% और कला संकाय में शरान्या गर्ग ने 93% अंक प्राप्त करके स्कूल में अपने अपने संकाय में पहला स्थान प्राप्त किया।

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 43 की विद्यार्थी सलोनी गुप्ता ने 99.2% अंक प्राप्त करके वाणिज्य संकाय में स्कूल में पहला, विज्ञान संकाय की दुर्गेश नंदिनी और वाणिज्य संकाय के अनुपम गर्ग ने 98.4% अंक प्राप्त करके स्कूल में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया।

डीएवी स्कूल, सेक्टर 14 की वाणिज्य संकाय की छात्रा नायशा यादव ने 98.75% अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला, सांची डुडेजा ने 98.5% अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। कला संकाय के छात्र सार्थक छाबड़ा ने 98.6% अंक प्राप्त कर पहला स्थान पाया और विज्ञान संकाय के यश ने 98.5% अंक प्राप्त कर संकाय में स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया।

अजंता पब्लिक स्कूल सेक्टर 31 के विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। नमिता चौधरी 98% अंक, योगेश बब्बर 96%, गौतम पाहुजा 95.2%, वंशिका शर्मा ने 96%, देव सतीजा ने 96%, मनीषा रावत ने 96% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य वैभव कपूर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

विवेकानंद ग्लोबल स्कूल के छात्र अंश खुराना ने विज्ञान संकाय में 94.6% अंक प्राप्त करके पहला स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में दीप्ति मलिक ने 94.6% अंक प्राप्त करके विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के चेयरमैन महावीर भारद्वाज ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ब्लू बेल्स माडल स्कूल, सेक्टर चार की कला संकाय के छात्र पावनी कौलशक व पिया अरोड़ा ने 99.0% अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान पाया। वाणिज्य संकाय की विद्यार्थी खुशी जैन ने 99.2%, नान मेडिकल में अंशू बदला 98.2%, मेडिकल में श्रेया मोहन्ती ने 99.5% अंक प्राप्त किए। स्कूल की ग्रुप निदेशक डा. सरोज व सुमन गुलाटी ने सभी शुभकामनाएं दीं।

एसएससी अकादमी की छात्रा खुशी पंवार व श्रुति शर्मा ने विज्ञान संकाय में 95.8% अंक प्राप्त कर स्कूल टाप किया है। छात्रा सुहानी ने कला संकाय में 95.6% अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल संचालक केके भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की बधाई दी और इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

शारदा इंटरनेशनल स्कूल का 12वीं का परिणाम 100% रहा। छात्र ध्रुव पटेल ने 97% व भवेश शर्मा ने 97% अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया।

ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सेक्टर नौ की विज्ञान संकाय की छात्रा सिमरन महलावत ने 97%, अनुरिथि सक्सेना ने 96.6%, वाणिज्य संकाय की यशिका ने 96.4% और कला संकाय की छात्रा सचिता ने 96% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल की निदेशक सरिता कुमार और प्राचार्य ज्योति शर्मा ने छात्रों की सराहना करते हुए, उन्हें बधाई दी।

गढी हरसरू स्थित बसंत वैली स्कूल के विद्यार्थी मयंक सैनी ने विज्ञान संकाय में 95% अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान पाया। प्रखर श्रीवास्तव 93.4% अंक प्राप्त करके दूसरे स्थान पर रहे। कामर्स संकाय की कविता वशिष्ठ ने 93% और तनु ने 90.4% अंक प्राप्त किए। कला संकाय की आरती सिंह ने 91.4% अंक प्राप्त किए। चेयरमैन बाबूलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

